हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 3 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 14 डिग्री

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

10 गंगरेल में संगीत, संस्कृति और मनोरंजन का संगम

12 स्वरों में सजी श्रद्धांजलि, लय में बंधा संसार






## खबर संक्षेप

### आज शाम होगी महानदी की आरती

**नगरी।** छग की जीवनदायिनी मां चित्रोत्पला महानदी के पावन तट पर 3 जनवरी की शाम 5 बजे महानदी महाआरती का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन कर्णेश्वर धाम देउरपारा (सिहावा) स्थित संगम स्थल पर होगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा मां महानदी की आरती की जाएगी, वहीं आयोजन समिति की प्रबंध कार्यकारिणी का विस्तार भी किया जाएगा। यह कार्यक्रम श्रद्धा, आस्था और सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

### खपरी में कबड्डी प्रतियोगिता आज

**अमलीडीह(धमतरी)।** ग्राम खपरी सिलौटी में जय श्रीराम कबड्डी दल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से इस वर्ष भी छेरछेरा पुन्नी पर्व पर आज एकदिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता रखी गई है। प्रवेश शुल्क 301 रु. है। प्रथम पुरस्कार 10000 रु. द्वितीय पुरस्कार 7000 रु., तृतीय पुरस्कार 4000 रु. और चतुर्थ पुरस्कार 2500 रु. दिये जायेंगे।

### सारंगपुरी में 3 जनवरी को मड़ई

**धमतरी।** ग्राम सारंगपुरी में 3 जनवरी शनिवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में राग अनुराग दुर्ग का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी सरपंच रामकुमार यादव, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष मेघनाथ साहू, सचिव विजय सोनकर, कोषाध्यक्ष जितेंद्र सोनकर ने दी।

### पुरूर में मड़ई मेला उत्सव 7 को

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम पुरूर में मड़ई मेला उत्सव 7 जनवरी बुधवार को रखा गया है। सरपंच हीरामणि सोनगेरवा ने बताया कि ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम सोनहाबादर ग्राम चिटौद की प्रस्तुति होगी।

### डोंगरडुला में मड़ई मेला 8 को

**नगरी।** ग्राम डोंगरडुला में मड़ई मेला 8 जनवरी को रखा गया है। ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए खरियार रोड नुवापाड़ा ओडिशा का नाचा कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की तैयारी में अध्यक्ष रामजीवन बघेल, सरपंच स्मृति नेताम, ग्राम पटेल रघुराम यादव, पूर्व सरपंच प्रताप साहू, सचिव पुरानिक नेताम, उपाध्यक्ष अनराज साहू, नरेंद्र साहू, मनराखन साहू जुटे हैं।

### सरबदा में श्रीमद् भागवत कथा 11 से

**जीजामगांव।** आदर्श मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम सरबदा में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 11 से 19 जनवरी तक किया गया है। कथावाचक कृष्ण कुमार तिवारी होंगे। आयोजक समिति ने बताया कि सुबह 10.30 से दोपहर 1.30 बजे तक एवं दोपहर 3 से संध्या 5.30 बजे तक कथा होगी। कथा की तैयारी में आयोजक समिति सहित ग्रामीण जुटे हुए हैं।



### डांडेसरा में मानसगान प्रतियोगिता 16 से

**डांडेसरा(धमतरी)।** जय बजरंग मानस मंडली एवं ग्रामवासियों द्वारा 16 से 18 जनवरी तक मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में 21 ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियों ने भाग लिया है। कार्यक्रम की तैयारी में किरण कुमार साहू, शेषनारायण साहू, कैलाश साहू, श्रवण नागे, टिकेश्वर साहू जुटे हुए हैं।

28 फरवरी तक सोसाइटियों में होगा पंजीयन, 1 मार्च से 30 मई तक खरीदी

# समर्थन मूल्य पर चने की खरीदी के लिए पंजीयन शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दलहन-तिलहन फसल को समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए किसानों का पंजीयन शुरु हो गया है। पंजीयन 28 फरवरी तक होगा। किसान कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी तथा प्राथमिक सेवा सहकारी समिति में अपना पंजीयन करा सकते हैं।

जिले में फसल चक्र परिवर्तन को अच्छा रिस्पांस मिला है। गत वर्ष की तुलना में इस साल 10 हजार हेक्टेयर में फसल परिवर्तन का विस्तार हुआ है। सन 2024-25 में चने की फसल 15830 हेक्टेयर में ली गई थी, वहीं सन 2025-26 में 17 हजार हेक्टेयर से अधिक में होने की संभावना है। कृषि विभाग के अनुसार 26 दिसंबर की स्थिति में 16189 हेक्टयेर में पहुंच गई है। मटर की फसल ने रिकार्ड तोड़ा है। गत वर्ष इसकी फसल 80 हेक्टेयर में ली गई थी। इस वर्ष 2375 हेक्टयेर में इसकी उपज ली गई है। उड़द में 491 प्रतिशत तथा मसूर में 263 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की कई है।

### तिलहन में मूंगफली ने तोड़ा रिकार्ड

तिलहन फसल में किसानों ने मूंगफली पर विश्वास जताया है। गत वर्ष मूंगफली मात्र 10 हेक्टयेर में ली गई थी। कृषि विभाग ने इसका लक्ष्य बढ़ाकर 50 हेक्टेयर किया था, लेकिन मूंगफली की उपज 275 हेक्टेयर में ली जा रही है जिसका लक्ष्य से पूर्ति का प्रतिशत 550 है। कुसुम की उपज जीरो से 40 हेक्टयेर में पहुंच गई है। राई-सरसों की उपज 2590 हेक्टयेर से बढ़कर 4660 हेक्टेयर में ली जा रही है। अलसी, सूर्यमुखी, तिल का भी रकबा बढ़ा है।

### आठ उपार्जन केंद्र में समर्थन मूल्य पर बिकेगा चना

जिले के चारों ब्लाक में चना फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदने उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। धमतरी ब्लाक में तीन उपार्जन केंद्र प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति छाती, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति तरसींवा तथा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति लोहरसी में चना की खरीदी होगी।

कुरूद ब्लाक में भी तीन उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं जिसमें प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कातलबोड़, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कुरूद तथा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति भखारा शामिल हैं। मगरलोड में एक उपार्जन केंद्र प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मगरलोड, नगरी में भी एक उपार्जन केंद्र प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति नगरी होगा।

### 5875 प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी चंद्रहास साहू ने बताया कि एकीकृत पोर्टल में पंजीकृत कृषकों से ही न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल क्रय किया जाएगा। पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज किसान का मोबाइल नंबर, आधार कार्ड एवं ऋण पुस्तिका की आवश्यकता पड़ेगी। कृषक अपने प्राथमिक सहकारी समिति में पंजीयन करा सकते हैं। एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन शुरु हो चुका है। 28 फरवरी तथा किसान अपनी उपज का पंजीयन करा सकते है। चने को समर्थन मूल्य पर 1 मार्च से 30 मई तक 5875 रूपये प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदा जाएगा।

## सेनचुवा में अतिक्रमण के खिलाफ चलेगा बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायत सेनचुवा ने अवैध अतिक्रमण को हटाने के संबंध में कलेक्टर को सूचना दी है। सेनचुवा सरपंच जितेंद्र साहू ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि 16 अप्रैल को ग्रामसभा में सर्वसम्मति से शासकीय घासभूमि खसरा नंबर 604 रवाही खार में नया तालाब निर्माण करने का प्रस्ताव पास किया गया है जिसकी स्वीकृति शासन से मिल गई है। लेकिन गांव के तीन लोगों ने हाल ही में 50-50 डिसमिल शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर झोपड़ी तथा बाड़ी का निर्माण किया है। अवैध अतिक्रमण हटाने उन्हें पंचायत ने तीन बार नोटिस दिया है। फिर भी अतिक्रमणकारियों द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। उक्त शासकीय भूमि से 8 जनवरी को पंचायत द्वारा अवैध कब्जा हटाने छग अधिनियम के तहत सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया है।



## आज मनेगा छत्तीसगढ़ का पारंपरिक पर्व छेरछेरा

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति का प्रतीक छेरछेरा पर्व आज पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। पौष पूर्णिमा के अवसर पर सुबह से ही गांवों और शहरों की गलियों में बच्चों की टोलियां गूंजती नजर आएंगी। छेरिक छेरा छेर बरतनीन छेरछेरा, माई कोठी के धान ला हेर-हेरा तुतली आवाजों में गाए जाने ये छत्तीसगढ़ी बोल इस पर्व की पहचान हैं। छेरछेरा पर्व फसल कटाई के बाद मनाया जाने वाला सामूहिक उत्सव है, जो नई फसल के आगमन और अन्न समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इस दिन बच्चे घर-घर जाकर धान, चावल या अन्न का दान मांगते हैं। मान्यता है कि दान देने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। यह पर्व न केवल कृषि और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करता है, बल्कि समाज में आपसी सहयोग, समानता और सामूहिकता की भावना को भी मजबूत करता है। छेरछेरा छत्तीसगढ़ की ग्रामीण परंपरा, सांस्कृतिक विरासत और लोकजीवन की सरलता का जीवंत उत्सव है ।

## बस की ठोकर से राइस मिल आपरेटर घायल, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ ढाबा के पास हुआ हादसा

ढाबा के पास सड़क किनारे खड़े राइस मिल आपरेटर को तेज रफ्तार बस ने ठोकर मार दी। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय हटकेशर वार्ड निवासी महेन्द्र रावटे पिता बृजलाल उम्र 40 वर्ष पुरूर के पास स्थित तुलसी राइस मिल में आपरेटर का काम करता है। शुक्रवार की सुबह युवक ढाबा के सामने हाइवे किनारे में खड़ा था। इसी दौरान पुरूर की तरफ से धमतरी जा रही दादा ट्रेव्हल्स की बस के चालक ने सड़क किनारे खड़े युवक को चपेट में ले लिया। बस की ठोकर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुरूर पुलिस व वरदान परमार्थ सेवा समिति के शिवा प्रधान व डुमन ध्रुव तत्काल मौके पर पहुंचे और सड़क पर पड़े घायल को एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। घायल का प्राथमिक उपचार किया गया। परिजनों ने घायल को इलाज के लिए मसीही अस्पताल में भर्ती कराया। घायल का उपचार जारी है।





## सड़क हादसे में घायल अधेड़ की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ पुलिस मृतक की शिनाख्ति में जुटी

सड़क हादसे में घायल अज्ञात अधेड़ की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। मृतक की शिनाख्ति नहीं हो पाई है।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार पुरूर थाना क्षेत्र के ग्राम कोचवाही में गुरूवार की रात्रि अज्ञात वाहन एक अधेड़ को ठोकर मारकर फरार हो गया। वाहन की ठोकर से घायल अधेड़ नेशनल हाइवे के किनारे पड़ा था। सूचना पर हाइवे एम्बुलेंस 1033 घटनास्थल पहुंची और घायल अधेड़ को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान कुछ देर बाद घायल ने दम तोड़ दिया। शव को मर्च्यूरी शिफ्ट कर चौकी पुलिस उसकी शिनाख्ति की प्रयास में जुट गई। मृतक की उम्र 50 से 55 वर्ष है। अधेड़ पीले रंग की शर्ट व हल्का हरे रंग की हाफ पेंट पहना हुआ है। शुक्रवार की देर शाम तक मृतक के परिजनों का पता नहीं चल पाया था। पुलिस मृतक की शिनाख्ति का प्रयास कर रही है।



## युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम खिड़कीटोला निवासी प्रेमलाल विश्वकर्मा पिता राजेंद्र उम्र 26 वर्ष मजदूरी पर टेंट लगाने का काम करता था। युवक ने शुक्रवार को अपने घर के कमरे में लगे लकड़ी म्यांर में साड़ी का फंदा बना फांसी लगा ली। दोपहर बाद परिजनों को घटना की जानकारी हुई। सूचना पर रूद्री पुलिस शुक्रवार को मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल के मरच्यूरी भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। फिलहाल युवक द्वारा आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव
उपहार वितरण सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि जन्मदिन उत्सव में भाग्यशाली विजेता अपना उपहार 3 जनवरी 2026 से हरिभूमि कार्यालय, जिला कार्यालय या अपने क्षेत्र के अभिकर्ता से प्राप्त कर सकते है। उपहार प्राप्त करने के लिये अपना पहचान पत्र, माह दिसंबर 2025 हरिभूमि अखबार का मासिक बिल साथ लावें।

समय : सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक।

नोट : रविवार के दिन उपहार का वितरण नहीं होगा।



**खबर संक्षेप**



### कांग्रेस की पालिसी से प्रेरित होकर कई लोगों ने ली पार्टी की सदस्यता

**सरोना।** कांग्रेस पार्टी की विचारधारा, जनकल्याणकारी नीतियों एवं संगठन की मजबूती से प्रभावित होकर युवा प्रभाग गोंडवाना समाज नरहरपुर के ग्रामीण अध्यक्ष तथा राज मिस्त्री संघ के सक्रिय सदस्य ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर लिया। दोनों नेताओं का कांग्रेस पार्टी में विधिवत प्रवेश जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन कांकेर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष बसंत यादव ने दोनों नवप्रवेशी सदस्यों को फूल माला एवं गमछा पहनाकर कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी रही है और युवाओं की भागीदारी से संगठन और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुकेश कुमार मंडावी एवं कुंज लाल साहू अपने अनुभव और सामाजिक जुड़ाव के माध्यम से कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करेंगे। मुकेश कुमार मंडावी ने कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के बाद कहा कि कांग्रेस की नीतियां आम जनता, किसानों, मजदूरों और युवाओं के हित में कार्य करती हैं। गोंडवाना समाज सहित सभी वर्गों के विकास के लिए कांग्रेस ही एकमात्र मजबूत विकल्प है। वहीं कुंज लाल साहू ने कहा कि वे लंबे समय से कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से प्रभावित रहे हैं।

### दुर्गूकोंदल में आज होगा हिंदू सम्मेलन

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड मुख्यालय दुर्गूकोंदल में हिन्दू सम्मेलन आज 3 जनवरी शनिवार को दोपहर 1 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन दुर्गा मंच, पंडाल, प्राथमिक-माध्यमिक विद्यालय के सामने किया जाएगा। हिन्दू सम्मेलन के सदस्य सेवालाल चिराम ने बताया कि मुख्य वक्ता के रूप में जनजातीय कार्य प्रमुख तीश गोकुल पंडा रहेंगे।

### करमोती में माता पहुंचानी 8 को और 10 को देव मेला

**भानुप्रतापपुर।** तहसील भानुप्रतापपुर के ग्राम करमोती में 8 जनवरी माता पहुचानी और 10 जनवरी देव मेला किया जाएगा। गॉव गायता अरविन्द तारम व कमलेश निषाद ने बताया मेला में आसपास गॉव के देवी देवता डांग डोली आँगा, गायता पटेल व ग्रामीण शामिल होंगे।

### मसीह समाज ने नववर्ष पर बच्चों को दिए गिफ्ट

**तोकापाल।** साल्वेशन लाईट मिनिस्ट्रीज इंडिया बड़े आरापुर के तत्वाधान में मसीही समाज द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य में आरापुर चर्च मुख्यालय से लेकर तोकापाल बाजार चौक तक डीजे के साथ गाजे बाजे सहित झंडे लिए नाचते गाते शुभकामना रैली निकाली गई। हिन्दू, मुसलमान, सिख, इसाई, जैन, बौद्ध व सर्व आदिवासी समाज सभी को प्रभु यीशु मसीह के शिक्षानुसार प्रेम व शांति का संदेश सहित शुभकामना दी गई। इस रैली में हजारों संख्या में विश्वासी लोग सम्मिलित हुए। साल्वेशन लाईट मिनिस्ट्रीज़ चर्च मुख्यालय में नववर्ष सभा का आयोजन किया गया।

चार दिवसीय न्यू ईयर फेस्ट में उमड़ा जनसैलाब, हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी लोकगीतों में झूमे सैलानी

# गंगरेल में संगीत, संस्कृति और मनोरंजन का संगम






हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नववर्ष 2026 के स्वागत में जिला पर्यटन समिति धमतरी द्वारा गंगरेल बांध परिसर में चार दिवसीय न्यू ईयर फेस्ट का शुभारंभ हुआ। यह उत्सव 1 जनवरी से 4 जनवरी तक प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से शाम 7 बजे तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में पर्यटक एवं स्थानीय नागरिक उत्साहपूर्वक सहभागिता कर रहे हैं। नववर्ष के पहले ही दिन गंगरेल बांध परिसर उत्सवमय माहौल से सराबोर नजर आया। धमतरी सहित आसपास के जिलों से पहुंचे सैलानी हिंदी फिल्मी गीतों एवं छत्तीसगढ़ी लोकधुन महुआ झरे की मधुर धुनों पर झूमते नजर आए। बच्चों, युवाओं, युवतियों तथा परिवार के साथ आए पर्यटकों ने आयोजन का भरपूर आनंद लिया और इसकी मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

भिलाई से गंगरेल भ्रमण पर आए तुषार एवं भूमिका राजपूत ने बताया कि जिला पर्यटन समिति द्वारा किया गया यह आयोजन अत्यंत व्यवस्थित, सुरक्षित एवं मनोरंजक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल पर्यटन को बढ़ावा देते हैं, बल्कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति से भी लोगों को परिचित कराते हैं। रायपुर, दुर्ग एवं कांकेर से आए पर्यटकों ने भी गंगरेल की प्राकृतिक सुंदरता, स्वच्छ वातावरण एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की सराहना की। इस न्यू ईयर फेस्ट का मुख्य उद्देश्य जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल गंगरेल को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना, स्थानीय पर्यटन को प्रोत्साहित करना, क्षेत्रीय संस्कृति को मंच प्रदान करना तथा रोजगार के नए अवसर सृजित करना है। उत्सव अंतर्गत संगीत कार्यक्रम, लाइव डीजे, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, फूड स्टॉल, मनोरंजन गतिविधियां एवं बोनफायर जैसे विशेष आकर्षण शामिल किए गए हैं, जो सभी आयु वर्ग के लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। उत्सव के दौरान प्रतिभागियों के लिए आकर्षक उपहार, ट्रॉफी, विशेष पुरस्कार एवं सरप्राइज रिवॉर्ड की भी व्यवस्था की गई है, जिससे लोगों का उत्साह और अधिक बढ़ा है। गंगरेल बांध की मनोहारी प्राकृतिक छटा के बीच आयोजित यह न्यू ईयर फेस्ट नववर्ष को यादगार बनाने का एक अनूठा अवसर सिद्ध हो रहा है।

# विधायक अजय विभिन्न कार्यक्रम में हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

कुरुद विधायक अजय चंद्राकर भखारा मण्डल के विभिन्न गांवों में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। टेमन साहू बोरझरा की माता श्रीमती मानकुंवर साहू व लोकेश्वर साहू भेंडसर की माता श्रीमती नीरा बाई साहू के शोक कार्यक्रम में शामिल हुए। केदार साहू भेंडसर के आकस्मिक निधन पर उनके परिवार वालों से मुलाकात की। नरोत्तम श्रीमती अनारकली निषाद, श्रीमती रामेश्वरी डोमार निषाद जोरातराई अ द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण कथा कार्यक्रम में शामिल हुए। नेमी साहू पूर्व बूथ अध्यक्ष जोरातराई अं के पिता बंधु साहू का निधन हो चुका है। उनके परिजनों से मुलाकात की।

इस अवसर पर रवि सिन्हा मण्डल अध्यक्ष, पूजा सिन्हा जिला पंचायत सदस्य, आनंद यदु भाजपा जिला मंत्री, छत्रपाल बैस पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, रामस्वरूप साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, गोविन्द सिंह राजपूत, पूर्णिमा साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष, फनेंद्र सिन्हा, रेखा शेषनारायण साहू जनपद सदस्य, हवेश्वरी साहू सरपंच बोरझरा, डोमार साहू, मनहरण धीवर, नरेश साहू, धरम साहू, धनसाय साहू, रामजी तारक, संतोष साहू, मुकेश साहू, मनहरण पाल, प्यारेलाल पाल, प्रकाश निषाद, गणपत निषाद, बीरसिंग निर्मलकर, सुखसागर निषाद उपस्थित थे।

## आशुतोष-सौरभ का आल इंडिया यूनिवर्सिटी फुटबाल में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



5 से 11 जनवरी तक वॉक्सन विवि हैदराबाद में आयोजित ऑल इण्डिया यूनिवर्सिटी फुटबाल प्रतियोगिता में कुरूद महाविद्यालय के दो खिलाड़ी आशुतोष बीपीएड तृतीय सेमेस्टर एवं सौरभ बीपीएड प्रथम सेमेस्टर का चयन हुआ है। दोनों खिलाड़ी कुरूद महाविद्यालय के साथ पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे।

खिलाड़ियों के चयन पर प्राचार्य डॉ. एके मिश्रा, प्राध्यापक डॉ. आरके पाण्डेय, क्रीड़ा अधिकारी अमित टंडन, अतिथि क्रीड़ा अधिकारी जानकी साहू, क्रीड़ा समिति के सदस्य हरिराम साहू, चित्रमणी श्रीमाली, रेणु पाटले, लीना दिली, प्राध्यापक एमएस साहू, डॉ. सरस्वती घृतलहरे, डॉ. ओमजी गुप्ता, डॉ. हितनारायण टण्डन, डॉ. फिरोज सोनवानी, राकेश सोनकर, शिबा वंजारी, डॉ. तरूण पटेल, कृपाराम साहू, पवन ताम्रकार, डॉ. विक्रम सिंह, विजय कुमार, कौस्तुभ तिवारी ने हर्ष जताया है।

### गातापार में लोककला महोत्सव 4 जनवरी तक

**कोर्रा(भखारा)।** बाल समाज जस, फाग परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम गातापार कोर्रा में लोककला महोत्सव का आयोजन 2 से 4 जनवरी को किया जा रहा है। महोत्सव के द्वितीय दिवस के अतिथि धनेंद्र साहू पूर्व विधायक अभनपुर होंगे। समापन 4 जनवरी रविवार को दोपहर 3 बजे होगा। मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री होंगे। अध्यक्षता लेखराम साहू राष्ट्रीय समन्वयक पिछड़ा वर्ग विभाग नई दिल्ली करेंगे। विशिष्ट अतिथि गिरीश देवांगन राष्ट्रीय समन्वयक पिछड़ा वर्ग विभाग नई दिल्ली होंगे। लोक कला महोत्सव में पारंपरिक जस गीत, फाग गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति का प्रदर्शन किया जाएगा।

## नगरी में 9 को हिंदू सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन 9 जनवरी को राजाबाड़ा मैदान नगरी में प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा।

मुख्य वक्ता युवराज पांडे होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में रूपेंद्र साहू, निखिल नेताम, खण्ड संचालक गोकुल देवगन, महेंद्र नेताम, रेखराज साहू, दिनेश्वरी नेताम, मोहन नाहटा, शकुन कश्यप, आरएल देव, तुलसी साहू, यशंवत साहू, गोलू मंडावी, उमाकांत ध्रुव, गिरिजाशंकर नाग, मनोज साहू, शंकरदेव, नंद प्रजापति, गजेंद्र, गिरिवर साहू, घनश्याम साहू समेत अन्य जुटे हैं।

## साहू समाज ने चलाया नशामुक्ति अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुकरेल(धमतरी)

ग्राम बनबगौद में साहू समाज और ग्रामवासियों के सहयोग से 1 जनवरी को बैनर पोस्टर एवं नारे लगाकर नशामुक्ति का संकल्प लेकर जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में समाज प्रमुख नरेश कुमार, दुलारू राम, पतिराम, ईश्वर लाल, धनीराम, चन्द्रहास साहू, संतूराम, ज्वाला प्रसाद ने सहयोग प्रदान किया।

## महेंद्रगिरी पर्वत सिहावा में 14 से विष्णु महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

महर्षि श्रृंगी ऋषि की तपोस्थली महेंद्रगिरी पर्वत सिहावा में मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर तीन दिवसीय विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिवस 14 जनवरी को संत स्वागत, देव स्वागत एवं बेदी पूजन किया जाएगा। 15 जनवरी को ब्रह्म मुहूर्त में मकर स्नान, महाआरती एवं यज्ञ हवन किया जाएगा।



16 जनवरी को दोपहर पूर्णाहुति, महाआरती, संत एवं देव विदाई होगी। तीनों दिवस भंडारा का आयोजन श्री श्रृंगी ऋषि विकास समिति द्वारा किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष संजय सारथी ने बताया कि प्रतिवर्ष मकर सक्रांति के अवसर पर आयोजित होने वाले इस महायज्ञ में दूर- दूर से संतान की कामना लेकर श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं। कार्यक्रम की तैयारी में आयोजन समिति के संरक्षक राजेश यदु, नारायण पटेल, अंजोर सिंह निषाद, दीपक यदु, अध्यक्ष संजय सारथी, उपाध्यक्ष रामकुर साहू, केदारनाथ मार्कण्डेय, मंशाराम गौर, सचिव चंद्रकांत शांडिल्य, कोषाध्यक्ष दिनेश निषाद, देव समिति अध्यक्ष देवव्रत गौतम, हृदय भंडारी, नारद निषाद, रामभरोसा ध्रुव, हालधर शार्दुल समेत अन्य जुटे हुए हैं।

## फाइनल मुकाबले में चिटौद की टीम ने साल्हेभाट को हराया

- कोचवाही में ग्रामीण स्तरीय टेनिसबाल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरूर(धमतरी)



ग्राम कोचवाही के हाईस्कूल मैदान में स्टार इलेवन क्रिकेट क्लब एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 6 दिवसीय ग्रामीण स्तरीय टेनिसबाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम चिटौद की टीम विजेता एवं ग्राम साल्हेभाट गुरूर की टीम उपविजेता रही। फाइनल मुकाबला ग्राम चिटौद एवं ग्राम साल्हेभाट के बीच खेला गया जिसमें चिटौद की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। चिटौद की टीम ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। साल्हेभाट की टीम को 23 रनों पर रोक दिया। चिटौद की टीम ने मुकाबला अपने नाम कर लिया। प्रथम रही चिटौद की टीम को 25001 रूपये, द्वितीय स्थान पर रही साल्हेभाट की टीम को 12,001 रूपये, तीसरे स्थान पर ग्राम बेलौदा की टीम को 6001 रूपये नगद प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में आयोजन समिति के अध्यक्ष नरसिंग चोरमार, उपाध्यक्ष सैयद तैयब अली, सचिव कुलजीत धनेश्कर, वरूण उईके, छोटू यादव, शीतेश यादव सहित समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों का योगदान रहा।

## डांडेसरा स्कूल में हुआ न्योता भोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)

शासकीय प्राथमिक शाला डांडेसरा में नव्या साहू के जन्मदिन पर उनके पिता गिरेश्वर साहू एवं माता ममता साहू द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को न्योता भोज में खीर-पूड़ी परोसी गई। गिरेश्वर साहू ने कहा कि न्योता भोजन विभिन्न त्योहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व पर भोजन प्रदान करने की भारतीय परम्परा है।

इस अवसर पर शाला की प्रधानपाठिका उर्वशी चन्द्राकर, शिक्षिका अनीता साहू, शहनाज बानो, बीना गजेन्द्र, संतोषी दीवान, पीएसजी कर्मचारी टिकेश्वर साहू, गुलाबदास मानिकपुरी, सरिता साहू, राधाबाई जोशी उपस्थित थे।

101 करोड़ की परियोजना को मिली हरी झंडी

# रत्नाबांधा-मुजगहन-सिहावा रोड कोलियारी तक बनेगी फोरलेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर और आसपास के क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात सामने आई है। रत्नाबांधा से मुजगहन, सिहावा रोड होते हुए कोलियारी तक फोरलेन सड़क निर्माण का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। बोराई राज्य मार्ग (SH-23) अंतर्गत प्रस्तावित इस महत्वाकांक्षी परियोजना को 101.47 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिलते ही जिले के सड़क बुनियादी ढांचे को नया आयाम मिलने जा रहा है । फोरलेन सड़क का निर्माण दो चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में मुजगहन से रत्नाबांधा चौक तक 4.40 किलोमीटर मार्ग को फोरलेन में बदला जाएगा। इस खंड में पुल-पुलिया का सुदृढ़ीकरण भी किया



जाएगा, जिस पर 42.41 करोड़ रुपये खर्च होंगे। दूसरे चरण में सिहावा चौक से नहर नाका होते हुए कोलियारी तक 5 किलोमीटर लंबी आधुनिक फोरलेन सड़क का निर्माण प्रस्तावित है, जिसके लिए 59.06 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इस तरह कुल 9.40 किलोमीटर लंबा मार्ग फोरलेन में तब्दील होगा।

### गुणवत्ता और समय-सीमा पर सख्ती

लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने स्पष्ट किया है कि सड़क निर्माण में आधुनिक तकनीक और उच्च गुणवत्ता मानकों का पालन किया जाएगा। निविदा प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी और कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सड़क की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा।

### शहर को मिलेगी जाम से राहत

महापौर रामू रोहरा ने इस परियोजना को धमतरी के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि फोरलेन सड़क से न केवल यातायात व्यवस्था सुगम होगी, बल्कि धमतरी निवेश और व्यापार का नया केंद्र बनकर उभरेगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

### दुर्घटनाओं में आएगी कमी : कलेक्टर



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बताया कि फोरलेन निर्माण से शहर में यातायात का दबाव कम होगा और सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी आएगी। जिला प्रशासन द्वारा पूरे निर्माण कार्य की नियमित निगरानी की जाएगी, ताकि परियोजना तय समय में पूरी हो सके। धमतरी जिला कृषि और पर्यटन दोनों ही दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है। सिहावा नगरी जैसे प्रमुख पर्यटन क्षेत्रों और कृषि मंडियों तक बेहतर सड़क संपर्क से आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। अत्याधुनिक फोरलेन सड़क नेटवर्क न केवल आम जनता के सफर को सुरक्षित और आसान बनाएगा, बल्कि धमतरी के भविष्य के विकास की मजबूत नींव भी रखेगा।

# सीधी बुवाई तकनीक से पानी एवं श्रम लागत में 30 प्रतिशत की बचत

- कुर्रा में महिला सशक्तिकरण एवं वित्तीय साक्षरता पर प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



ब्लॉक कुरूद के ग्राम कुर्रा में सेंटर फॉर एडवांस्ड रिसर्च एंड डेवलपमेंट (कार्ड) संस्था द्वारा 20 ग्रामों में संचालित धान की सीधी बुवाई (डीएसआर) परियोजना अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में लगभग 100 किसानों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान कार्ड संस्था के कृषि विशेषज्ञों द्वारा धान की सीधी बुवाई की तकनीक संबंधी जानकारी प्रदान की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि इस तकनीक को अपनाने से पानी एवं श्रम लागत में लगभग 30 प्रतिशत की बचत होती है, साथ ही किसानों की आय में वृद्धि होती है। इस पद्धति से उत्पादन में बढ़ोतरी होती है तथा खरपतवार कम उगने के कारण दवाइयों एवं कीटनाशकों के उपयोग में भी कमी आती है, जिससे भूमि एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत वित्तीय साक्षरता पर भी विशेष रूप से प्रकाश डाला गया, ताकि किसान वर्तमान समय में बढ़ रहे साइबर फ्रॉड से स्वयं को सुरक्षित रख सकें। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती धर्मिन यादव रहीं। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी गिरिराज किशोर, लीड बैंक से वित्तीय साक्षरता परामर्शदाता एकता मरकाम एवं मीना साहू, प्रगतिशील किसान सन्नी बैस मौजूद थे। कार्ड संस्था की ओर से लोकेशन प्रभारी दिनेश सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर कृष्णेंद्र कुमार, कृषि विशेषज्ञ नीलम साहू, अंकित कुमार तथा कुलेश्वर दास, जितेंद्र, ओंकारेश्वर साहू, लिखन सिन्हा, जितेंद्र उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### जालमपुर वार्ड में आज भूमिपूजन एवं लोकार्पण



**धमतरी।** मां शाकम्भरी जयंती पर भूमिपूजन एवं लोकार्पण समारोह 3 जनवरी शनिवार को पटेल समाज भवन जालमपुर वार्ड धमतरी में संपन्न होगा। अतिथि विधायक ओंकार साहू होंगे। समाजजनों ने उन्हें आमंत्रण कार्ड भेंट किया। मरार पटेल समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि मां शाकम्भरी जयंती समाज की आस्था, परंपरा एवं सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। मां शाकम्भरी को अन्न, शाक-सब्जी एवं समृद्धि की देवी के रूप में पूजा जाता है। इस अवसर पर आयोजित भूमिपूजन एवं लोकार्पण समारोह समाज की एकता, संगठनात्मक मजबूती एवं विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मौके पर सगुण पटेल, दिलीप पटेल, नील पटेल, धर्मेंद्र पटेल, धनीराम पटेल, गेवेंद पटेल उपस्थित थे।

### व्यापारियों के हित पर हुई चर्चा



**धमतरी।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वॉयस चेयरमेन अमर पारवानी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विक्रमसिंह देव एवं शंकर बजाज धमतरी पहुचे। कैट संरक्षकद्वय महेश रोहरा, मोहन लालवानी, जिलाध्यक्ष महेश जसूजा, कार्यकारी अध्यक्ष सलज अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुरेश महावर, प्रमोद गुप्ता, रामू वाधवानी, जिला संयोजक संतोष तेजवानी ने पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर व्यापार, संगठन की मजबूती एवं व्यापारियों के हितों से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। मौके पर सिंधी समाज अध्यक्ष चन्द्रलाल जसवानी, रिटेल कपड़ा व्यापारी अशोक वाधवानी, कैट टीम मेंबर आकाश जसूजा, शैलेश आहूजा, अर्जुन लखवानी, भजनलाल काररा, पांशुल अग्रवाल, अमर पारवानी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं संगठन के सदस्य शामिल हुए।

### शंकरलाल की स्मृति में नूतन हाईस्कूल की कक्षा का रंगरोगन




**धमतरी।** स्वर्गीय शंकरलाल बाड़मेरा की स्मृति में उनके पुत्र अनिल, अरुण, पुखराज, मनोज एवं प्रवीण सोनी द्वारा नूतन हाईस्कूल सिहावा चौक स्थित कक्षा पहली का रंगरोगन कराया गया। रंगरोगन के पश्चात कक्षा का पूर्ण कायाकल्प हो गया, जिसे देखकर विद्यार्थी प्रसन्न नजर आए। रंगरोगन कार्य पूर्ण होने के उपरांत बुधवार को लंच के बाद विद्यालय परिसर में स्व. शंकरलाल की स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य दिनेश पुरी गोस्वामी ने सोनी परिवार द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अरुण सोनी, पुखराज सोनी, मनोज सोनी, प्रवीण सोनी, चंद्रकला सोनी, गौरी सोनी, चंदा सोनी, रूपेश, राघव, काव्य, मौलिक दिव्यांशी, तनीषा, गौरव लोहाणा उपस्थित थे।

### नगर के सर्वांगीण विकास के लिए परिषद प्रतिबद्ध : ज्योति



**अंवरी।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12 एवं 15 में नाली निर्माण एवं सीसी कांक्रीटीकरण कार्यों का भूमिपूजन हुआ। कार्यक्रम में नपं अध्यक्ष ज्योति जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू एवं पार्षद गौतमी पटेल, पार्षद छबिलाल पटेल की उपस्थिति रही। भूमिपूजन अवसर पर अध्यक्ष ज्योति ने कहा कि नगर के सर्वांगीण विकास के लिए परिषद प्रतिबद्ध है और सभी वार्डों में आवश्यकता के अनुसार मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। उपाध्यक्ष विष्णु साहू ने निर्माण कार्यों को नगर विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। पार्षद गौतमी पटेल ने कहा कि इन कार्यों से वार्डवासियों को स्वच्छता एवं आवागमन में सुविधा मिलेगी। नाली निर्माण, कांक्रीटीकरण से वार्ड की वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान होगा। मौके पर ढेलू पटेल, संतोष पटेल, यशवंत पटेल, मोहन साहू, तीजबाई साहू, रोशनी पटेल, उषा पटेल, सुधा साहू, पार्षद छबिलाल निर्मलकर, नेतू पटेल उपस्थित थे।

### कचरा कलेक्शन के लिए ई-रिक्शा की मांग



**धमतरी।** जय गायत्री मां स्वसहायता महिला समूह ने कचरा प्रबंधन के लिए कलेक्टर से ई-रिक्शा दिलाने की मांग की है। ग्राम पंचायती छाती की महिला समूह ने शुक्रवार को कलेक्टर से मुलाकात कर कहा है कि ग्राम पंचायती छाती की जनसंख्या दस हजार है। कचरा प्रबंधन का कार्य जय मां गायत्री स्वसहायता महिला समूह करती है। ग्राम पंचायत से उन्हें तीन चक्का वाला रिक्शा दिया है जिससे घरोंघर कचरा कलेक्शन का कार्य किया जाता है। रिक्शा के आए दिन खराब होने से कचरा प्रबंधन में गंभीर समस्या आ रही है। उन्होंने कहा है कि ई-रिक्शा कचरा गाड़ी से इस समस्या का समाधान किया जा सकता है। समूह ने ई- रिक्शा प्रदान करने की मांग की है। इस अवसर पर राजेंद्र चंद्राकर के साथ समूह की अध्यक्ष राजकुमारी, राही, पूर्णिमा, ममता, नंदनी, शिववती आदि उपस्थित थीं।

### अज्ञात पिकअप की ठोकर से बाइक सवार तीन घायलों में से एक गंभीर

**भानुप्रतापपुर।** कच्चे से भानुप्रतापपुर मार्ग पर स्थित गांव नारायणपुर के पास स्थित पेट्रोल पंप के सामने अज्ञात पिकअप वाहन के चालक ने लापरवाही बरतते हुए मोटरसाइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे मोटरसाइकिल में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। भानुप्रतापपुर थाना से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भीरावाही चौकी कच्चे निवासी दीनदयाल पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके पिता 56 वर्षीय तुलाराम पटेल 30 दिसंबर को ग्राम भावसा जिला मानपुर मरनी काम से गए थे। मरनी काम के उपांत 1 जनवरी को वापिस लौटते समय वे अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीवी 5823 से मेरी दीदी फुलेश्वरी पटेल और दुखीबाई पटेल को उनकी बेटी के घर सेमरापारा छोड़ने जा रहे थे।

20 करोड़ की सीएसआर स्वीकृति मिलने के बाद परियोजना को लगेंगे पंख

# महानदी रिवर फ्रंट को मिलेगा भव्य और आधुनिक स्वरूप




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले की सिहावा नगरी में महानदी रिवर फ्रंट के विकास को लेकर एक ऐतिहासिक पहल की गई है। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) द्वारा 20 करोड़ रुपये की सीएसआर स्वीकृति मिलने के बाद यह परियोजना क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होने जा रही है। इस महत्वाकांक्षी योजना से धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी, वहीं स्थानीय नागरिकों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। यह परियोजना एसईसीएल मुख्यालय की कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी योजना के अंतर्गत स्वीकृत की गई है। इसका उद्देश्य महानदी के तट का समग्र विकास करते हुए स्थानीय सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाना है। परियोजना पूरी होने के बाद श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी और सिहावा नगरी को एक नई पहचान मिलेगी।

## महानदी रिवर फ्रंट तीन प्रमुख जोन में होंगे विकसित

**पॉइंट–A**

### कर्णेश्वर महादेव परिसर

कर्णेश्वर महादेव मंदिर परिसर को भव्य और व्यवस्थित स्वरूप दिया जाएगा। यहां पत्थर से निर्मित आकर्षक प्रवेश द्वार, धार्मिक आयोजनों के लिए पृथक मेला ग्राउंड और परिसर की सुरक्षा हेतु कंपाउंड वॉल का निर्माण होगा। रात्रिकालीन सौंदर्य के लिए हाई मास्ट लाइटिंग और एप्रोच रोड पर एवेन्यू प्लांटेशन किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अजीविका भवन, पर्यटक सूचना केंद्र और स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना भी प्रस्तावित है।

**पॉइंट–B**

### गणेश घाट एवं रिवर फ्रंट

गणेश घाट को सुरक्षित और आकर्षक रूप में विकसित किया जाएगा। यहां पत्थर से निर्मित सीढ़ीनुमा घाट, लगभग 1200 रनिंग मीटर लंबा पाथवे, शौचालय और चेंजिंग रूम की सुविधा उपलब्ध होगी। मेडिकल सुविधा, कंट्रोल रूम और स्थानीय लोगों की आजीविका के लिए वेंडिंग शॉप्स भी विकसित की जाएंगी। इससे धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

**पॉइंट–C**

### श्रृंगी ऋषि सांस्कृतिक विरासत स्थल

श्रृंगी ऋषि स्थल को हिलटॉप रिट्रीट के रूप में विकसित किया जाएगा। यह स्थान ध्यान, आध्यात्मिक गतिविधियों, ट्रैकिंग और प्रकृति दर्शन के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करेगा। यह स्थल शांति और सांस्कृतिक चेतना का केंद्र बनेगा।

**महानदी अवेकनिंग अभियान से मिली नई दिशा**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सुशासन के संकल्प के साथ प्राकृतिक धरोहरों का संरक्षण राज्य की प्राथमिकता है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा द्वारा प्रारंभ महानदी अवेकनिंग अभियान (MAA) ने नदी के उद्गम स्थल से लेकर 12 किलोमीटर तक उसके पुनर्जीवन का कार्य किया है। जनभागीदारी, श्रमदान, पौधरोपण और चेक डैम निर्माण से महानदी का प्राकृतिक प्रवाह फिर से सशक्त हुआ है।

## कमांडो की पहल से सलोनी नशामुक्त गांव बनने की ओर अग्रसर



- केरेगांव पुलिस ने बाजार चौक में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭कुकरेल(धमतरी)

आदिवासी बाहुल्य ग्राम सलोनी में महिला कमांडो की नियमित गश्त और नशामुक्त ग्राम बनाने के अभियान का असर अब साफ दिखाई देने लगा है।

इसी कड़ी में महिला कमांडो ने गांव और गांव से बाहर झाड़ियों में अवैध रूप से शराब बनाने वाले स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान शराब माफियाओं द्वारा रखे गए एक दर्जन महुआ लहान के बर्तनों को मौके पर ही नष्ट किया गया।

इसके पश्चात थाना केरेगांव पुलिस द्वारा साइबर, यातायात जन-जागरूकता एवं नशा मुक्ति अभियान के तहत ग्राम के बाजार चौक सलोनी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सलोनी की सरपंच श्रीमती रोमी चंदन ध्रुव, वार्ड पंच ओमप्रकाश देशमुख, भूखेन्द्र ध्रुव, राजेंद्र पडौटी, सिरित साहू, ग्राम पटेल भुनेश्वर ध्रुव, लखन दीवान, ग्रामीण अध्यक्ष दानीराम नागेश, यीशु मरकाम, इंद्रेश मेश्राम, शेखर ध्रुव, रघुनाथ मंडावी, डगेन्द्र ध्रुव, प्रेमलता ध्रुव, गणेशिया ध्रुव, गणेशिया नेताम, अश्वनी मानबाई, देवकुमारी, रीना साहू, देवी निर्मलकर सहित अन्य ग्राम प्रमुख उपस्थित थे।

## रिटायरमेंट के बाद एलबी संवर्ग के शिक्षक पेंशन से वंचित

- संविलियन की विसंगतियों ने 20 साल की सेवा को किया शून्य

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

एलबी संवर्ग के शिक्षक सेवानिवृत्ति के बाद सम्मानजनक जीवन जीने के बजाय आर्थिक तंगी से जूझने को मजबूर हैं। शासन प्रशासन की जटिल प्रक्रियाओं और विसंगति पूर्ण नीतियों ने वर्षों की सेवा को व्यर्थ बना दिया है। संविलियन के दौरान पूर्व की 20 वर्षों तक की सेवा अवधि को शून्य मान लिए जाने से बड़ी संख्या में शिक्षक पेंशन के अधिकार से वंचित हो गए हैं।

छत्तीसगढ़ी टीचर्स एसोसिएशन के धमतरी जिला अध्यक्ष डॉ भूषण लाल चंद्राकार, प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू, प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेंद्र पारीक, जिला सचिव बलराम तारम, ब्लॉक अध्यक्ष गेवाराम नेताम, दिनेश कुमार साहू, शैलेंद्र कौशल, रमेश कुमार यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग के नियमों के अनुसार पूर्ण पेंशन के लिए 33 वर्ष की सेवा तथा न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा पर अनुपातिक पेंशन का प्रावधान है लेकिन 1 जुलाई 2018 से सेवा गणना





किए जाने के कारण 2018 से पहले नियुक्त कई शिक्षक न्यूनतम पात्रता भी पूरी नहीं कर पा रहे हैं। परिणाम स्वरूप सेवानिवृत्ति के बाद शिक्षकों और उनके परिजनों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने इस संविलियन नीति पर गंभीर आपत्ति दर्ज की है और मांग की है कि एल बी संवर्ग के शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा अवधि की गणना सुनिश्चित की जाए। पेंशन नियम 1976 के तहत समस्त शिक्षा कर्मियों की सेवा को मान्यता दी जाए। पुरानी पेंशन योजना को पुनः लागू कर सेवानिवृत्ति पर अंतिम मूल वेतन का 50% आजीवन पेंशन देने का प्रावधान किया जाए। शासन द्वारा जारी आदेशों को पूर्ण रूप से लागू कर शिक्षकों को पेंशन सुरक्षा प्रदान की जाए।

## नव वर्ष पर अपने संकल्पों को श्रेष्ठ बनाएं : बीके भावना



- ब्रम्हाकुमारी सेवा केंद्र नगरी में नववर्ष 2026 का स्वागत श्रद्धा और हर्षोल्लास से हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र राजऋषि भवन विवेकानंद वार्ड क्रमांक 7 नगरी में नववर्ष 2026 का स्वागत परमपिता परमात्मा शिव के सानिध्य में अत्यंत श्रद्धा, शांति और हर्षोल्लास से किया गया।

इस अवसर पर राजयोगिनी बीके भावना, बीके कमलेश्वरी सहित संस्था के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 6 से 7 बजे तक सामूहिक राजयोग अभ्यास से हुआ, जिसमें सभी ने परमपिता शिव परमात्मा से आत्मिक जुड़ाव का अनुभव किया। इसके पश्चात ईश्वरीय स्मृति में कैंडल प्रज्वलित की गई। शिव बाबा और ब्रम्हा बाबा भोग अर्पित किया गया।

इस दौरान बीके भावना ने कहा कि नया वर्ष तभी सार्थक और सुखद बन सकता है जब हम अपने संकल्पों को शुभ, सकारात्मक और श्रेष्ठ बनाएं। सकारात्मक सोच से ही जीवन में सुख, शांति, सफलता और समृद्धि का आगमन होता है। हमें अपने मन को सहज, सरल, पवित्र और सकारात्मक बनाते हुए सभी के प्रति शुभ भावना एवं शुभकामना रखनी चाहिए। हमारी सोच, कर्म और वाणी में मधुरता हो तथा व्यर्थ संकल्पों से बचने के लिए प्रतिदिन योगाभ्यास आवश्यक है।

## राष्ट्र निर्माण में अटलजी के योगदान को किया याद

- भाजपा कार्यालय में अटल स्मृति वर्ष अंतर्गत विधानसभा स्तरीय सम्मेलन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर अटल स्मृति वर्ष अंतर्गत विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन भाजपा कार्यालय में हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य अटलजी के जीवन, विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू ने अटलजी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे ऐसे नेता थे जिन्होंने राजनीति को सेवा, संवेदना और संस्कार से जोड़ा। उन्होंने कहा कि पोखरण परमाणु परीक्षण, स्वर्णिम चतुर्भुज, राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना और ग्राम सड़क योजना जैसे ऐतिहासिक निर्णयों से भारत आत्मनिर्भर और सशक्त बना। धमतरी विधानसभा प्रभारी विकास मरकाम ने राष्ट्र निर्माण का अटल मॉडल विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि अटलजी का शासन मॉडल दूरदर्शिता, समावेशिता और सुशासन का प्रतीक रहा। उन्होंने विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की सोच को राजनीति का आधार बनाया। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत 2047 का संकल्प अटलजी की विचारधारा का ही विस्तार है और आज उसी नींव पर नया भारत आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में अटलजी की कविताओं का पाठ किया गया। मंच संचालन जिला मीडिया प्रभारी उमेश साहू व आभार व्यक्त जिला महामंत्री राकेश साहू ने किया।

## निर्बाध धान खरीदी और समयबद्ध भुगतान से किसानों में खुशी

- जिले के 71,588 किसानों को 821.80 करोड़ रुपये का किया गया भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की प्रक्रिया सुचारू एवं पारदर्शी रूप से संचालित की जा रही है, जिससे किसानों के चेहर पर संतोष और खुशी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। निर्बाध धान खरीदी और समय पर भुगतान के कारण किसानों में शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है।

जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए कुल 74 समितियों में 1,29,349 किसानों का 1,26,883.05 हेक्टेयर रकबा पंजीकृत किया गया है। 15 नवम्बर 2025 से अब तक 78,620 किसानों से 3,82,725.32 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसकी कुल राशि 907.47 करोड़ रुपये है। अब तक 71,588 किसानों को 821.80 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। आगामी खरीदी के लिए 5 जनवरी को 3,368 किसानों को टोकन जारी किए गए हैं, जिनके माध्यम से 15,588.58 क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी।

कस्टम मिलिंग व्यवस्था के तहत जिले में अब तक 190 राइस मिलों का पंजीकरण किया जा चुका है। इन मिलों के लिए 9,17,712 मीट्रिक टन धान की अनुमति जारी की गई है, जिसमें से 8,17,200 मीट्रिक टन धान उठाव हेतु अनुबंधित किया गया है। अभी तक कुल 1,10,942.00 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न होने देने तथा अवैध धान परिवहन पर सख्त रोक लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा और हित सर्वोपरि हैं तथा खरीदी और भुगतान की प्रक्रिया में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## समाज के सहयोग से ही गांवों का सर्वांगीण विकास संभव : रुपकुमारी

**धमतरी।** परिक्षेत्र साहू समाज डोमा के तत्वावधान में ग्राम सेमरा डी में नवनिर्मित साहू समाज भवन का लोकार्पण कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महासमुंद सांसद श्रीमती रुपकुमारी चौधरी ने पूजा-अर्चना कर किया। लोकार्पण उपरांत परिक्षेत्र साहू समाज डोमा द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में समाज की एकता, संगठन की मजबूती और सामाजिक विकास जैसे विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। अपने उद्बोधन में सांसद श्रीमती रुपकुमारी चौधरी ने कहा कि केंद्र एवं



राज्य सरकार का उद्देश्य गांवों में शिक्षा, पोषण, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए आवश्यक सुविधाओं का विस्तार करना है। ऐसे सामुदायिक भवन ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक एकजुटता को मजबूत करते हैं और सभी वर्ग को आगे बढ़ने का अवसर देते हैं। उन्होंने साहू समाज के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही गांवों का सर्वांगीण विकास संभव है। रांवा मंडल अध्यक्ष अमन राव ने कहा कि साहू समाज भवन समाज की एकजुटता और सामूहिक प्रयास का परिणाम है। यह भवन भविष्य में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा। कार्यक्रम में फतेश्वरी साहू जनपद सदस्य, फागेश्वरी साहू जनपद सदस्य, डोमन साहू, साकेत साहू सोसाइटी अध्यक्ष, कमलनारायण ध्रुव, सुनीता ध्रुव, कमलेश साहू, प्रहलाद साहू सहित समाजजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## शिकार के दो आरोपी जेल भेजे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- जाल फंदा शिकार में घायल हुआ था तेंदुआ

उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व अंतर्गत गरियाबंद वन परिक्षेत्र तौरेंगा (बफर) परिसर के कोकड़ी राजस्व क्षेत्र में जाल फंदा शिकार के कारण तेंदुए के घायल होने के प्रकरण में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है।



सह आरोपी ग्राम पटेल प्रमुख उपेंद्र कुमार नेताम पिता केशनाथ नेताम जाति गोड़, उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम टांगरापानी (टांगरान) एवं माहरू राम नेताम पिता जय सिंह नेताम, जाति गोड़ उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम टांगरापानी (टांगरान) थाना शोभा तहसील मैनपुर जिला गरियाबंद (छत्तीसगढ़) को 2 जनवरी को माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय राजिम जिला गरियाबंद के समक्ष रिमांड पर पेश किया गया। न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आधार पर दोनों आरोपियों को जिला जेल गरियाबंद में जेल दाखिल किया गया। वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

## खबर संक्षेप

### लोहरसी में मड़ई मेला आज

**धमतरी।** ग्राम ग्राम लोहरसी में आज 3 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में मोर मयारू बेटा भाठागांव बालोद का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। यह जानकारी गिरधर साहू ने दी है।

### जिला अधिवक्ता संघ का शपथग्रहण एवं नववर्ष मिलन समारोह आज

**धमतरी।** जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथग्रहण एवं नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन शनिवार 3 जनवरी को शाम 6:30 बजे से जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर धमतरी में किया जायेगा। कार्यक्रम के तहत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथग्रहण समारोह, उद्बोधन, स्नेहिल रात्रि भोज एवं गीत संगीत का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को लेकर अधिवक्ता समाज में उत्साह का वातावरण है।

### भरींगांव में मानसगान सम्मेलन 9 से

**पुरूर।** ग्राम भरींगांव में प्रदेशस्तरीय मानसगान सम्मेलन का आयोजन 9 से 11 जनवरी तक किया गया है। लगभग 15 मानस मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ 9 जनवरी को शाम 6 बजे जिपं सदस्य तेजराम साहू, पूर्व जिपं सदस्य मीना साहू, मिथिलेश साहू, सरपंच तेजराम साहू, संजय साहू, सेवकराम साहू, देवसिंग साहड़ा, मुकेश साहू, मनोज सोनगेरवा, मेनसिंह साहू, नरेन्द्र साहू करेंगे। समापन समारोह के अतिथि जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू, उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, जनपद सदस्य हेमंत साहू, लता साहू, संतोषी साहू, यशुमति साहू, नेमिनबाई, खिलेश्वरी साहू, मनोज महमल्ला, गोविंदराम साहू होंगे।

### सिर्री में आज मनेगी शाकम्भरी जयंती



**सिर्री।** ग्राम सिर्री में पटेल समाज द्वारा छेरछेरा पूर्णिमा पर 3 जनवरी को मां शाकम्भरी जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। अध्यक्षता शोभाराम पटेल अध्यक्ष ग्रामीण पटेल समाज सिर्री करेंगे। विशिष्ट अतिथि देशांत सिन्हा सरपंच, लिली श्रीवास जनपद सदस्य होंगे। सुबह मां शाकम्भरी की पूजा-अर्चना, हवन-पूजन किया जायेगा। सुबह 10 बजे से मां शाकम्भरी मंदिर से धूमधाम से शोभायात्रा निकाली जाएगी। अतिथि उद्बोधन दोपहर 2 बजे होगा। यह जानकारी शोभाराम पटेल अध्यक्ष पटेल समाज सिर्री ने दी।

### राजपुर में मड़ई मेला 5 को

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में ग्रामवासियों के सहयोग से 5 जनवरी सोमवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में दुष्यंत हरमुख कृत रंग झरोखा मरोदा दुर्ग की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में ग्राम विकास समिति अध्यक्ष देवनारायण साहू, सचिव गुहलेद कंवर, कोषाध्यक्ष मनराखन निषाद, सोमनाथ यादव, उमेश सिन्हा जुटे हुए हैं।

---

पं. जगन्नाथ राव महाजन की स्मृति में 'लय यात्रा' का हुआ समापन

# स्वरों में सजी श्रद्धांजलि, लय में बंधा संसार

- देश-विदेश से पहुंचे कलाकारों ने दी अपनी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी






शास्त्रीय संगीत की परंपरा, भावनाओं की गहराई और वैश्विक सुरों के संगम का साक्षी बना स्वर्गीय पं. जगन्नाथ राव महाजन की स्मृति में आयोजित दो दिवसीय लय यात्रा का भव्य समापन हुआ। आयोजन के दूसरे एवं अंतिम सत्र में देश–विदेश से आमंत्रित प्रतिष्ठित कलाकारों ने अपनी सशक्त और उच्चकोटि की प्रस्तुतियों से श्रोताओं को शास्त्रीय, पारंपरिक और फ्यूज़न संगीत की अविस्मरणीय अनुभूति कराई।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका डॉ. श्रीमती तनुजा नाफड़े के गायन से हुआ। उन्होंने राग पूरिया धनश्री में विलंबित एकताल की बंदिश बली बली जाऊँ प्रस्तुत कर वातावरण को गंभीर और भावपूर्ण बनाया। इसके पश्चात त्रिताल में निबद्ध द्रुत ख्याल पायलिया झनकार से राग का सशक्त और प्रभावशाली विस्तार किया, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा।

किराना घराने की प्रतिनिधि गायिका डॉ. तनुजा नाफड़े भारतीय शास्त्रीय संगीत की सशक्त पहचान हैं। भारतीय सेना के लिए मार्शल सॉन्ग की रचना एवं संयोजन का गौरव प्राप्त कर चुकी डॉ. नाफड़े देश ही नहीं, बल्कि विश्व के अनेक देशों में भारतीय संगीत की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। उनकी प्रस्तुति में तबले पर दिल्ली से पधारे स्वर्गीय पं. जगन्नाथ राव महाजन के प्रपौत्र एवं अंतरराष्ट्रीय तबला वादक पं. तानसेन श्रीवास्तव ने उत्कृष्ट और संतुलित संगत दी। हारमोनियम पर रायपुर से आए चंद्रभूषण वर्मा की सुमधुर संगत ने गायन को विशेष गरिमा प्रदान की। उल्लेखनीय है कि श्री वर्मा 800 से अधिक छत्तीसगढ़ी एल्बम और अनेक फिल्मों में संगीत देकर अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके हैं।

कार्यक्रम की दूसरी प्रस्तुति में जापान से पहुंची अंतरराष्ट्रीय पियानो वादक साओमी ताकानो ने अपने वादन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने पारंपरिक जापानी रचना से कार्यक्रम की शुरुआत की, इसके बाद अपनी स्वयं की रचनाएं प्रस्तुत कीं। यूरोपीय शास्त्रीय संगीत की प्रसिद्ध हार्मनी और सिम्फ़नी का प्रभावशाली प्रदर्शन श्रोताओं के लिए विशेष आकर्षण रहा। कार्यक्रम का समापन उन्होंने राग यमन आधारित विशेष फ्यूज़न से किया, जिसमें मंच पर डॉ. तनुजा नाफड़े और पं. तानसेन श्रीवास्तव की संगत ने प्रस्तुति को अंतरराष्ट्रीय स्तर की ऊंचाई प्रदान की।

कार्यक्रम में पीबी पराड़कर, मुकेश जैन, विक्रम सिंह, राजकुमार गंजीर, अरविंद मिश्रा, मदन सिंह, विजय साहू, रंजीत छाबड़ा, भूपेंद्र पटवा, अरुण चौधरी, दीपाली कलिहारी, कलेश्वरी साहू, शशि प्रभा हैवार, संजय थिटे सहित संगीत महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में संगीतप्रेमी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मनु राज पचौरी द्वारा किया गया।

---

## प्रशिक्षण पूर्ण कर गांव आई बीएसएफ चयनित नेहा का हुआ सम्मान



- फूलों से सजी खुली जीप में बिठाकर गांव का भ्रमण कराया गया, रास्ते भर पुष्पवर्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम सारंगपुरी में गुरुवार 1 जनवरी को एक ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण क्षण देखने को मिला, जब कठिन प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण कर प्रथम बार गांव आगमन पर नेहा नेताम का भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह ग्राम सारंगपुरी के इतिहास में पहली बार है जब गांव की कोई बेटी सेना या अर्धसैनिक बल में चयनित होकर देश सेवा की ड्यूटी निभाएगी। इस उपलब्धि से पूरे गांव में गर्व और उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर गांव में उत्सव जैसा दृश्य देखने को मिला। डीजे की धुन पर देशभक्ति गीतों पर युवा झूमते नजर आए। नेहा नेताम को फूलों से सजी खुली जीप में बैठाकर पूरे गांव का भ्रमण कराया गया। ग्रामीणों ने रास्ते भर पुष्पवर्षा की और तालियों व भारत माता के जयघोष के साथ बेटी का आत्मीय स्वागत किया। लोगों ने नेहा नेताम की इस उपलब्धि को ऐतिहासिक और प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि यह सफलता ग्रामीण अंचल की बेटियों के लिए प्रेरणा है। नेहा के पिता जोहतराम नेताम एवं माता सतरूपा नेताम ने सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। सरपंच रामकुमार यादव सहित ग्रामीणों ने नेहा नेताम को गांव की शान बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

---

# हेलमेट जीवन की सुरक्षा का अनमोल कवच : एसपी





- पुलिस ने जनजागरूकता के लिए निकाली हेलमेट रैली
- सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत हो रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सड़क सुरक्षा माह 2026 के दूसरे दिवस पुलिस ने आमजनों को जागरूक करने हेलमेट जागरूकता रैली निकालकर इसे जीवन की सुरक्षा का अनमोल कवच बताया।

सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत जिले में जनजागरूकता संबंधित गतिविधियां लगातार जारी हैं। इन गतिविधियों को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के दूसरे दिन शुक्रवार को हेलमेट जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली गांधी मैदान से प्रारंभ हुई।

पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रैली में पुलिस जवानों के साथ-साथ समाजसेवी संगठनों, परिवहन एवं शिक्षा विभाग के स्कूली विद्यार्थियों, बाइक चालक सहित बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा, हेलमेट पहने-सुरक्षित घर लौटे तथा सावधानी हटी-दुर्घटना घटी जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इसके साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा यातायात जागरूकता एवं नशामुक्ति से संबंधित स्लोगन लिखी तख्तियों के माध्यम से जन संदेश प्रचारित किया गया।

इस अवसर पर एएसपी मणिशंकर चन्द्रा, सीएसपी अभिषेक चर्तुवेदी, जिला परिवहन अधिकारी अब्दुल मुजाहिद, कोतवाली व यातायात प्रभारी, यातायात स्टाफ, पुलिस स्टाफ शिक्षकगण, समाजसेवी, स्काउट गाइड के सदस्य एवं स्कूली छात्र-छात्राएं तथा आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**चालक के पीछे बैठने वाले व्यक्ति भी हेलमेट लगाएं**

इस अवसर पर एसपी ने कहा कि हेलमेट केवल कानूनी बाध्यता नहीं बल्कि जीवन की सुरक्षा का अनमोल कवच है। सड़क दुर्घटना में होने वाली मौत व गंभीर चोटों में कमी लाने के लिए हेलमेट का उपयोग अत्यंत आवश्यक है। एसपी ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि चालक के पीछे बैठने वाले व्यक्ति को भी हेलमेट लगाना अनिवार्य है क्योंकि कई दुर्घटना में देखा गया है कि हेलमेट लगाने से चालक की जान बच जाती है जबकि पीछे बैठे व्यक्ति को गंभीर चोट लगती है या उसकी मृत्यु हो जाती है। वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग अत्यंत आवश्यक है।

---

# श्रीमद्भागवत कथा से जीवन में सुख शांति और सद्गति का मार्ग प्रशस्त

- छेरछेरा पुन्नी की पूर्व संध्या पर पं. राजेश ने सोरिद वार्ड में व्यासपीठ से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





वर्तमान में मनुष्य अपने मानव जीवन को ही समझ नहीं पा रहा है। इसे समझने का सबसे आसान रास्ता है भगवान का भजन और उनकी भक्ति जो धार्मिक आयोजनों के माध्यम से ही जागृत होता है। श्रीमद् भागवत गीता व्यक्ति के जीवन को शांतिपूर्ण, सुखमय बनाकर सद्गति प्रदान करता है। प्रभु के चरण में अपने आप समर्पित भाव से लगाकर जीवन को धन्य बनाना ही शाश्वत भक्ति है। उक्त बातें शहर के धर्म प्रेमी समाज सेवी पंडित राजेश शर्मा ने सोरिद वार्ड में बलीसाहू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में छेर छेरा पुन्नी पर्व की पूर्व संध्या पर कही।

व्यासपीठ पर कथावाचक के रूप में पंडित मनोज दुबे द्वारा कथा का श्रवण कराया जा रहा है। पंडित श्री दुबे ने बताया कि निष्काम कर्म पथ का रास्ता जिसने भी अपनाया है, उसके जीवन में किसी प्रकार को कोई संकट, विपत्ति या समस्याएं सामने नहीं आई है। मौके पर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, पार्षदगण पिंटू यादव, सोमेश मेश्राम, समाजसेवी विकास शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। शहर में समय-समय पर विभिन्न धार्मिक आयोजन एवं सामाजिक कार्यक्रमों को संपन्न करने वाले पंडित राजेश शर्मा का स्वागत एवं सम्मान सोरिद के युवाओं द्वारा किया गया।

---

# सनातन मूल्यों और राष्ट्र भावना पर दिया बल

- सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित हिंदू सम्मेलन में जुटा सर्व हिन्दू समाज
- आचार्य अशोक शास्त्री सहित कई वक्ताओं ने रखे विचार

हरिभूमि न्यूज





आमातालाब गौरव पथ रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में पोस्ट ऑफिस बस्ती के रामसागरपार वार्ड, पोस्ट ऑफिस वार्ड, नयापारा वार्ड, अम्बेडकर वार्ड सहित नगर एवं आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भगवताचार्य आचार्य पंडित अशोक शास्त्री ने कहा कि हिन्दू जीवन पद्धति केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संस्कार, संस्कृति और जीवन मूल्यों का समग्र स्वरूप है। उन्होंने कहा कि हिन्दुओं को अपनी परंपरागत पूजा पद्धतियों एवं सांस्कृतिक प्रतीकों से कभी विमुख नहीं होना चाहिए। शिखा, तिलक, कलावा तथा शास्त्र-शस्त्र सनातन संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। भगवान परशुराम का उदाहरण देते हुए उन्होंने धर्म की रक्षा हेतु शास्त्र एवं शस्त्र के संतुलन पर प्रकाश डाला।

सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केएस शांडिल्य ने कहा कि मानवता की सेवा ही सच्चा धर्म है। उन्होंने संस्कारों के महत्व पर बल देते हुए कहा कि जो व्यक्ति अपने संस्कारों से जुड़ा रहता है, वह कभी अपने धर्म से भटकता नहीं है। आज आवश्यकता है कि आने वाली पीढ़ी को भी इन्हीं मूल्यों से जोड़ा जाए।

मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहजिला कार्यवाह सुनील यदु ने सामाजिक एकता, राष्ट्र निर्माण, संस्कृति चेतना एवं संगठन के सौ वर्षों की संघर्ष यात्रा पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र प्रथम की भावना और राष्ट्र के प्रति समर्पण का आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथि समाजसेवी श्रीमती रीटा बंजारे ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंच परिवर्तन की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए नागरिक कर्तव्य बोध, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता एवं स्वदेशी को अपनाने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत, कथक एवं सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। स्वागत भाषण आयोजन समिति के अध्यक्ष मिलिंद कुलकर्णी ने दिया। मंच संचालन वेदप्रकाश भोंसले तथा आभार प्रदर्शन डॉ. दानीराम सिन्हा ने किया।

---

# दो समाजसेवियों ने की देहदान की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जनकल्याण के लिए मराठापारा के दो समाजसेवियों ने जिला अस्पताल पहुंचकर देहदान करने की घोषणा की। मरणोपरांत शरीर किसी के काम आ जाए यह सोचकर मराठापारा निवासी मनीष पवार 54 वर्ष और संजय गायकवाड़ शुक्रवार को जिला अस्पताल पहुंचे और देहदान करने घोषणा पत्र भरा। दोनों रिश्तेदारी में भाई हैं।

मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि मरने के बाद शरीर राख हो जाता है, जो किसी के काम नहीं आता, लेकिन मरणोपरांत यह शरीर किसी के काम आ जाए तो यह बड़ी बात है। यह विचार आने पर दोनों ने जनकल्याण के लिए मरणोपरांत देहदान की घोषणा की। उन्होंने बताया कि उनके इस निर्णय पर पत्नियों की भी सहमति है। देहदान के साथ-साथ दोनों नेत्रदान भी करेंगे।

---

## कचना में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह 15 से

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव



ग्राम कचना में 15 से 21 जनवरी तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथावाचिका ममता दीदी पाठक रतलाम मप्र होंगी। कार्यक्रम की तैयारी में जनजागरण सत्संग समिति एवं ग्रामवासी जुटे हुए हैं। 15 जनवरी गुरुवार को कलश शोभायात्रा एवं महात्मय धुंधकारी मोक्ष की कथा होगी। 16 को कपिल मुनि अवतार की कथा, 17 को ध्रुव चरित्र कथा प्रसंग, 18 को कृष्ण जन्मोत्सव की कथा, 19 को गोवर्धन पूजा की कथा, 20 को रुक्मणि विवाह की कथा एवं 21 जनवरी बुधवार को परिचित मोक्ष पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी का वितरण के साथ कथा का समापन होगा। कथा दोपहर 1 से संध्या 5 बजे तक होगी।

---

## जालमपुर वार्ड में 12 से श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह

- देवी भूमिका कराएंगी भागवत कथा का रसपान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर के जालमपुर वार्ड में 12 जनवरी से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह शुरू हो रहा है। राष्ट्रीय कथावाचिका बालविदुषी देवी भूमिका व्यासपीठ पर श्रीमद्भागवत कथा का भक्तिमय रसपान कराएंगी। कथा बजरंग चौक हनुमान मंदिर प्रांगण में होगी। कथा का शुभारंभ 12 जनवरी को कलश यात्रा और गोकर्ण कथा से होगा। 13 जनवरी को 24 अवतार और राजा परीक्षित जन्म कथा, 14 जनवरी को वामन अवतार और ध्रुव प्रह्लाद चरित्र, 15 जनवरी को श्रीराम जन्म और कृष्ण विवाह, 16 जनवरी को श्रीकृष्ण बाललीला, माखन चोरी, गोवर्धन पूजा और रास पंचाध्यायी, 17 जनवरी को उद्धव प्रसंग और रुक्मिणि मंगल, 18 जनवरी को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा और गीता पाठ होगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से प्रभु इच्छा तक चलेगी। परायणकर्ता आचार्य पं. योगीराज शर्मा, यज्ञाचार्य पं. त्रिभुवन महाराज होंगे।

---

# डीपीएल सीजन-7 एक बार फिर रोमांच से करेगा सराबोर

**32 टीमें भाग ले रही, 4 जनवरी से मिशन ग्राउंड में होंगे रात्रिकालीन मुकाबले**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



मॉर्निंग क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में धमतरी विधानसभा स्तरीय रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता धमतरी प्रीमियर लीग (डीपीएल) सीजन-7 का आयोजन 4 जनवरी से मिशन ग्राउंड में किया जाएगा। फटाफट क्रिकेट के इस लोकप्रिय टूर्नामेंट को लेकर शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचल में क्रिकेट प्रेमियों के बीच खासा उत्साह देखा जा रहा है।

इस वर्ष डीपीएल सीजन-7 में कुल 32 टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें शहर की 20 और ग्रामीण अंचल की 12 चयनित टीमें शामिल हैं। सभी टीमों को 8 ग्रुप में विभाजित किया गया है, प्रत्येक ग्रुप में 4 टीमें रहेंगी। ग्रुप के बीच लीग राउंड के मुकाबले खेले जाएंगे, जो 8-8 ओवर के होंगे। लीग चरण के बाद चयनित टीमें नॉकआउट राउंड में प्रवेश करेंगी, जहां मुकाबले 10-10 ओवर के होंगे। टूर्नामेंट के दौरान प्रतिदिन चार मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मैच शाम 6 बजे, दूसरा 7.30 बजे, तीसरा 9 बजे और अंतिम मुकाबला रात 10.30 बजे से खेला जाएगा। विजेता टीम को 2 लाख रुपये नगद एवं विजेता ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम को 1 लाख रुपये नगद एवं रनरअप ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा मैन ऑफ द सीरीज को 15 हजार रुपये नगद, बेस्ट बल्लेबाज और बेस्ट गेंदबाज को 10-10 हजार रुपये नगद, वहीं फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच को 10 हजार रुपये नगद एवं ट्रॉफी दी जाएगी। अन्य आकर्षक पुरस्कार भी रखे गए हैं।

टूर्नामेंट में ग्रामीण अंचल से तरसींवा, भटगांव, तेलीनसत्ती, सोरम, अछोटा, परसतराई, दोनर, अरौद, संबलपुर, लोहरसी, सेहराडबरी और शंकरदाह की टीमें शामिल होंगी। वहीं शहर की टीमों में पोस्टऑफिस वार्ड, विवेकानंद वार्ड, सदर उत्तर, बठेना, अंबेडकर वार्ड, रिसाईपारा, नवागांव, कोष्टापारा, सुंदरगंज वार्ड, हटकेशर, जालमपुर, सोरिद, औद्योगिक वार्ड, एसबीएन वार्ड, मकेश्वर वार्ड, महात्मा गांधी वार्ड, ब्राम्हणपारा, रामपुर, साल्हेवार पारा और डाकबंगला वार्ड की टीमें मैदान में उतरेंगी।

आयोजक मॉर्निंग क्रिकेट क्लब के सकुश गुप्ता ने बताया कि टूर्नामेंट की तैयारी अंतिम चरण पर है। मिशन ग्राउंड को समतल कर पूरी तरह दुरुस्त किया जा रहा है। इसके साथ ही दूधिया रोशनी के लिए लाइटिंग व्यवस्था, दर्शकों की सुविधा के लिए बैरिकेडिंग तथा स्टेज निर्माण का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। डीपीएल सीजन-7 एक बार फिर धमतरी को क्रिकेट के रोमांच से सराबोर करेगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई,
22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो. नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका,
झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज